28.03.2026 आकाशवाणी, भोपाल 7.10 AM

प्रादेशिक समाचार
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक मदद देने की घोषणा की।
- आईपीएल का 19वां सीजन आज से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है; पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की होगी भिड़ंत।
- प्रदेश में गर्मी के बीच आंधी-बारिश की चेतावनी; ग्वालियर, रीवा और जबलपुर संभागों में धूल-भरी हवाएं चलने की संभावना है।

नोएडा एयरपोर्ट लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का लोकार्पण करेंगे। लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह हवाई अड्डा देश के सबसे बड़े 'ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स' में से एक है, जिसे शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ विकसित किया गया है। दिल्ली-एनसीआर के दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में, यह शुरुआत में सालाना सवा करोड़ यात्रियों की क्षमता के साथ वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊँचाई देगा।

पश्चिम एशिया- प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करना था। प्रधानमंत्री ने 'टीम इंडिया' भावना के साथ केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए जमाखोरी और मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों से वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को अपनाने की गति तेज करने और विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाने की अपील की। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ

सिंह ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कम करने और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। मुख्यमंत्रियों ने केंद्र के कूटनीतिक प्रयासों और नागरिकों को दी गई राहत की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

सड़क दुर्घटना छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अपना चित्रकूट दौरा निरस्त कर सीधे छिंदवाड़ा पहुँचकर सड़क दुर्घटना के प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख और घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

जिला चिकित्सालय में उपचाराधीन घायलों का हाल जानते हुए मुख्यमंत्री ने उनके नि:शुल्क और बेहतर उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवश्यकता होने पर घायलों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की व्यवस्था भी राज्य सरकार करेगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार , 29 मार्च को दिन के ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कडी होगी।

पेट्रोल-डीजल मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम एशिया के संकट के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती का स्वागत किया है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर भारतीय उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

## एलपीजी- विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपने जहाजों का सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित देशों के साथ लगातार संपर्क में है। नई दिल्ली में कल मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि एलपीजी के चार जहाज अब तक होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत पहुंच चुके हैं।

## 'गौरव दिवस' चित्रकूट

भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में कल 'गौरव दिवस' और रामनवमी का पर्व एक ऐतिहासिक दीपावली के रूप में मनाया गया। जन-सहयोग से आयोजित इस भव्य दीपोत्सव में समूचा नगर 22 लाख से अधिक दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। मंदाकिनी तट, कामदगिरि परिक्रमा मार्ग और प्रमुख मंदिरों सहित पूरे चित्रकूट को दीपमालाओं से सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह ने मां मंदाकिनी की विशेष आरती की। आयोजन में महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने भी एक लाख एक हजार दीप प्रज्ज्वलित कर अपनी सहभागिता दर्ज की।

## स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भोपाल नगर निगम ने सस्टेनेबल वेस्ट मैनेजमेंट की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आदमपुर में एनटीपीसी के सहयोग से स्थापित टोरिफाइड चारकोल प्लांट का ट्रायल रन कल से प्रारंभ हो गया। पीपीपी मॉडल पर 220 करोड़ की लागत से बना यह संयंत्र प्रतिदिन 400 टन सूखे कचरे से चारकोल तैयार करेगा।

## मौसम

प्रदेश में इन दिनों मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक ओर नर्मदापुरम में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने के साथ 'लू' का प्रभाव बना हुआ है, तो दूसरी ओर नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम विभाग ने 20 से अधिक जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, चंबल, रीवा और जबलपुर संभागों में आगामी 30 और 31 मार्च को गरज-चमक के साथ 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने की संभावना है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट का 19वां सत्र आज शाम बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू हो रहा है। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। बीसीसीआई ने पिछले वर्ष स्टेडियम के बाहर हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले 11 प्रशंसकों के सम्मान में इस बार पारंपरिक उद्घाटन समारोह को रद्द कर दिया है। उनकी स्मृति में स्टेडियम की 11 सीटें स्थायी रूप से खाली रखी जाएंगी। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा, जहाँ बेंगलुरु की कमान रजत पाटीदार और हैदराबाद की कमान कार्यवाहक कप्तान ईशान किशन संभालेंगे।

## समाचार संक्षेप में.......

1- खंडवा में रामनवमी के अवसर पर शहर के प्रमुख मंदिरों में स्वच्छता के विषय पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गईं।

2- आगरमालवा जिले में लगातार गिरते भू-जल स्तर एवं संभावित पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

3- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंदसौर के नारायणगढ़ में मुंदेडी और मल्हारगढ़ रोड पर नालों की साफ सफाई कर ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा गया।

4- डिंडोरी में कल दिन भर जवारे विसर्जन का दौर चलता रहा। रात्रि में नगर की मुख्य मढ़िया के जवारे का नगर भ्रमण कराया गया।

5- गुना जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कल पीजी कॉलेज गुना में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

6- इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 01 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है।

7- पन्ना कलेक्टर ने कल शहर के पेट्रोल पंपों पर जाकर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------------
-----------